# सांवरे से मिल गए नैना | by Bhawna Pandit

सांवरे से मिल गए नैना
सखी री मेरो छीन के ले गए चैना

जबसे देखे बांके नैना
एक टक देखूं पलक लगे न
बांके मिले नैन से नैना
सखी री मेरो छीन के ले गए चैना

मधुर रसीली चितवन बांकी
कही ना जाए ऐसी सुन्दर झांकी
मुख से ना निकसे बैना
सखी री मेरो छीन के ले गए चैना

बांकी अँखियाँ प्यारी प्यारी
जा को देख मैं हुई मतवारी
कोई सुधबुध जान सके न
सखी री मेरो छीन के ले गए चैना
सखी री मेरो छीन के ले गए चैना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2-%e0%a4%97%e0%a4%8f-%e0%a4%a8%e0%a5%88%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-bhawna-pandit/